इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

कॉ.का: कॉर्पोरेट सम्प्रेषण विभाग
CO: CORPORATE COMMUNICATIONS DEPARTMENT

प्रेसविज्ञप्ति/ PRESS RELEASE 09.10.2023

श्री शिव बजरंग सिंह ने इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया

चेन्नै, 09 अक्टूबर, 2023 : श्री शिव बजरंग सिंह ने 9 अक्टूबर, 2023 को इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

इस पदोन्नति से पहले श्री सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक थे। श्री सिंह को भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक बैंकिंग अनुभव प्राप्त है जिसमें बैंक ऑफ इंडिया की न्यू यॉर्क शाखा में उनका कार्यकाल भी शामिल है। अपने करियर के दौरान उन्होंने मानव संसाधन प्रबंधन, एमएसएमई, बिजनेस प्रोसेस री-इंजीनियरिंग, शाखा बैंकिंग एवं राजकोष सहित बैंकिंग के विविध पहलुओं में अपना योगदान दिया है। उन्होंने लुधियाना एवं रायगढ़ अंचलों के अंचल प्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं एवं वे आर्यावर्त बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) के अध्यक्ष भी रहे हैं।

श्री सिंह एमबीए प्रोफेशनल हैं और वे इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स के सर्टिफाइड एसोसिएट भी हैं। उन्होंने आईआईएम के एक्जीक्यूटिव लीडरशिप डेवेलपमेंट प्रोग्राम को भी पूर्ण किया है।